भारत-नेपाल के बीच बथनाहा से एनसीवाई तक जल्द दौड़ेगी ट्रेन

चर्चा में क्यों?

7 मई, 2023 को रेलवे बोर्ड के कार्यपालक निदेशक ट्रैफिक ट्रांसपोर्ट प्रदीप कुमार ओझा ने बताया कि बिहार के अररिया ज़िले के जोगबनी-विराटनगर क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक के तहत भारत-नेपाल के बीच बथनाहा से जोगबनी नेपाल कस्टम यार्ड तक निर्मित रेललाइन पर जल्द ही ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि नेपाल के काठमांडू में विदेश मंत्रालय के आठवीं प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी (पीएससी) व छठा ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की मीटिंग हुई थी, जिसमें बथनाहा व नेपाल कस्टम यार्ड के बीच कार्गो ट्रेन मई 2023 से शुरू करने का निर्णय लिया गया था।
- भारत और नेपाल को जोड़ने वाली महत्त्वपूर्ण रेल परियोजना जोगबनी-विराटनगर क्रॉस बॉर्डर रेल लिंक प्रोजेक्ट के तहत बथनाहा से विराटनगर तक रेललाइन निर्माण का कार्य इरकॉन कंपनी के द्वारा किया गया।
- रेल लाइन निर्माण कार्य में लगी इरकॉन के द्वारा बथनाहा से नेपाल कस्टम यार्ड तक के कार्य को पूरा कर लिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/train-will-run-soon-from-bathnaha-to-ncy-between-india-nepal